Title: Need to release additional quota of wheat to drought-affected Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चूरू) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान राजस्थान की गंभीर समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं।

मान्यवर, राजस्थान में अकाल की भयंकर विभीाका के कारण जैंनता की हालत बहुत खराब हो रही है तथा चारे के अभाव में पशुधन भी खैंम हो रहा है। राजस्थान सरकार ने श्रमिकों की संख्या बढ़ाने की बजाय 25 प्रतिशत कम कर दी है। इसके कारण स्थिति और भी विकट हो गई है। राज्य सरकार का कहना है कि केन्द्र सरकार द्वारा गेहूं का आबंटन रद्द करने की वजह से श्रमिकों की संख्या कम कर दी है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पूर्व में आबंटित किए गए गेहूं को रिलीज कर अतिरिक्त आबंटन भी राज्य के हैंत में जारी करने का कट करें ताकि इस भयंकर अकाल के समय में गरीब जैंनता को कुछ राहत मिल सके।